दिनांक 28.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 28 छावनी मे किया दौरा'

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर देवेंद्र यादव ने आज प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक जोन 04 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 28 छावनी में दौरा किया श्री यादव के दौरा कार्यक्रम में मंगल बाजार से आर.के. लाइन, गुजराती मोहल्ला, युवा अंकुश चौक, दाऊ गली, पटेल पारा, दरी तलाब बस्ती, बिजली नगर, राधा कृष्ण मंदिर, कारगिल चौक, सतनामी मोहल्ला, पुरानी बस्ती होते हुए शंकर नगर नेपाली मोहल्ला, उदयपुर रोड का भ्रमण किया गया।

इस दौरान महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का जगह जगह पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला से स्वागत किया गया श्री यादव सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए मिलते रहे।

विभिन्न स्थानों पर श्री यादव को पानी, सफाई एवं अन्य संबंध में वार्ड वासियों के द्वारा अवगत कराया गया जिसके निराकरण करने हेतु तत्काल जोन आयुक्त संजय शर्मा को स्थल पर ही निर्देश दिए !

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के दौरे के समय वार्ड 28 छावनी की पार्षद श्रीमती तुलसी पटेल, जोन आयुक्त संजय शर्मा , प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू , सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, स्वास्थ्य निरीक्षक आर.पी तिवारी एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी